**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान**

**(हिंदी अनुभाग)**

अंसारी नगर, नई दिल्ली-29

फा.सं.4-2/2025 (प्रोत्साहन)-हिं.अ.

दिनांक: 06.08.2025

# कार्यालय ज्ञापन

**विषय: संस्थान में समूह 'क' अधिकारियों/संकाय-सदस्यों के लिए हिंदी में डिक्टेशन देने/ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों पर हिंदी में टिप्पणियां लिखने पर प्रोत्साहन योजना के तहत पुरस्कार संबंधी।**

उपर्युक्त विषयक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के दिनांक 05.04.2024 के कार्यालय ज्ञापन सं.4-2/2024(प्रोत्साहन)-हिं.अ. के द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 हेतु समूह 'क' अधिकारियों/संकाय-सदस्यों द्वारा अपने सरकारी कामकाज के दौरान हिंदी में डिक्टेशन देने/ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों पर हिंदी में टिप्पणियां लिखने के लिए प्रोत्साहन योजना परिचालित की गई थी। इस योजना के तहत केवल वही संकाय-सदस्यगण/समूह 'क' अधिकारीगण पुरस्कार के लिए पात्र होंगे जो वर्ष में कम से कम 10 हजार शब्दों की डिक्टेशन देते हैं या ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों में हिंदी में टिप्पणियों के 10 हजार शब्द लिखते हैं।

अपने सरकारी कामकाज के दौरान हिंदी में डिक्टेशन देने/ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों पर हिंदी में टिप्पणियां लिखने वाले संस्थान के समूह 'क' अधिकारी/संकाय-सदस्यगण उक्त पुरस्कार प्रोत्साहन योजना के तहत भाग लेने हेतु दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025 तक की अवधि के दौरान हिंदी में दी गई डिक्टेशन/ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों पर हिंदी में टिप्पणियों की कुल शब्दों की संख्या को **संलग्न निर्धारित प्रोफार्मा** में भरकर तथा प्रमाण के तौर पर हिंदी में डिक्टेशन दिए गए/ई-ऑफिस सिस्टम के माध्यम से लिखी गई टिप्पणियों के **केवल 5 प्रपत्रों की फोटो प्रतियां** मूल्यांकन हेतु **इस ज्ञापन के जारी होने के 15 दिन के अंदर अपने संबद्ध प्राधिकारी के माध्यम से हिंदी अनुभाग को अवश्य भेज दें** ताकि सक्षम प्राधिकारी द्वारा नामित निर्णायक मंडल द्वारा प्रतियोगिता के पुरस्कारों का निर्धारण किया जा सके। प्रविष्टियां केवल निर्धारित मानदण्ड के अनुसार ही स्वीकार की जाएंगी।

इस योजना के तहत पुरस्कारों का विवरण निम्नानुसार है:-

(क) **हिंदी भाषी अधिकारियों/संकाय-सदस्यों हेतु**

| पुरस्कार | राशि | पुरस्कारों की संख्या |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹25,000/- | एक पुरस्कार |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹20,000/- | एक पुरस्कार |
| तृतीय पुरस्कार | ₹15,000/- | एक पुरस्कार |
| प्रोत्साहन पुरस्कार | ₹10,000/- | पांच पुरस्कार |

(ख) <u>अन्य भाषा-भाषी अधिकारियों/संकाय-सदस्यों हेतु (जिनकी मातृभाषा हिंदी नहीं है)</u>

| पुरस्कार | राशि | पुरस्कारों की संख्या |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | ₹25,000/- | एक पुरस्कार |
| द्वितीय पुरस्कार | ₹20,000/- | एक पुरस्कार |
| तृतीय पुरस्कार | ₹15,000/- | एक पुरस्कार |
| प्रोत्साहन पुरस्कार | ₹10,000/- | पांच पुरस्कार |

**इसके अतिरिक्त अन्य भाषा-भाषी वर्ग में यदि कोई प्रोत्साहन पुरस्कार शेष बचता है तो उसे हिंदी भाषी वर्ग के पुरस्कारों में सम्मिलित कर दिया जाएगा।**

अत: सभी केन्द्रों के प्रमुख तथा विभागों/अनुभागों के अध्यक्षगण से अनुरोध है कि कृपया उक्त सूचना सम्बद्ध विभाग/अनुभाग/केन्द्रों में कार्यरत सभी समूह 'क' अधिकारियों/संकाय-सदस्यों की जानकारी में लाने की कृपा करें ताकि अधिक से अधिक संकाय-सदस्यगण/अधिकारीगण उक्त हिंदी डिक्टेशन प्रोत्साहन योजना में सम्मिलित हो सकें।

**संलग्नक: यथोपरि।**

दिव्या 6/8/25

**(दिव्या यानामदाला)**
**वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं**
**राजभाषा अधिकारी**

**वितरण:-**

1. सभी केन्द्र-प्रमुखगण।
2. सभी विभाग/अनुभाग/अध्यक्षगण।
3. मुख्य प्रशासन अधिकारी।
4. वित्त सलाहकार।
5. अधीक्षण अभियंता।
6. कुल-सचिव।

} कृपया इस पुरस्कार योजना की सूचना अधीनस्थ समूह 'क' अधिकारियों/ संकाय-सदस्यों की जानकारी में ला दें।

**प्रतिलिपि:-**

- निदेशक/संकायाध्यक्ष(शैक्षिक/अनुसंधान/परीक्षा) महोदय के प्रधान निजी सचिव।
- चिकित्सा अधीक्षक महोदया के प्रधान निजी सचिव।
- अपर निदेशक (प्रशासन) महोदय के निजी सचिव।
- वरिष्ठ वित्त सलाहकार एवं राजभाषा अधिकारी/उप-सचिव महोदय के निजी सचिव।
- प्रभारी आचार्य, कंप्यूटर सुविधा: इस अनुरोध सहित कि कृपया इसे संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड कराने की कृपा करें।

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में अधिकारियों/संकाय-सदस्यों के लिए हिंदी में डिक्टेशन देने/ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों में हिंदी में टिप्पणियां लिखने संबंधी रिकॉर्ड रखने हेतु प्रोफार्मा।**

**अधिकारी/संकाय का नाम एवं पदनाम: ..........................................................**

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | हिंदी में डिक्टेशन देने/ ई-ऑफिस सिस्टम पर फाइलों पर हिंदी टिप्पणियों के पृष्ठ/शब्द | फाइल संख्या | टिप्पणी |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

संबंधित अधिकारी/संकाय
के मोहर सहित हस्ताक्षर ...............................

**सत्यापन एवं अग्रेषित करने वाले संबद्ध**
**प्राधिकारी के मोहर सहित हस्ताक्षर .....................................**

वरिष्ठ हिंदी अधिकारी (का.)
हिंदी अनुभाग, अ.भा.आ.सं.